# दृष्टिपात

## पहचान, अस्तित्व और धार्मिक अधिकारों के लिए जरूरी है सरना धर्म कोड : संगठन



**रांची।** राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के तत्वावधान में रातू स्थित मेरी लक्ष्मी बैंक्वेट हॉल, मखमंदरो में विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से सरना सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और केंद्र सरकार से इसे जल्द लागू करने की मांग उठाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरना प्रार्थना के साथ हुआ। इस दौरान हूल दिवस के वीर शहीद सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो के साथ शिक्षाविद डॉ. करमा उरांव, सर्ना रत्न वीरेंद्र भगत एवं एतो उरांव के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। टीएसी सदस्य नारायण उरांव ने कहा कि लाखों सरना अनुयायियों के बावजूद अब तक अलग सरना धर्म कोड नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज लंबे समय से अपनी धार्मिक पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि सरना धर्म कोड देशभर के आदिवासियों की पहचान, अस्तित्व, हिस्सेदारी और एकता के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि इस मुद्दे पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं हुई तो आदिवासी समाज लोकतांत्रिक तरीके से अपना आंदोलन और तेज करेगा। उड़ीसा से आए धर्म अगुवा बालकृष्ण एक्का ने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था और अस्मिता का प्रश्न है। इसके लिए आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। सम्मेलन में असम, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और सरना धर्म कोड की मांग का समर्थन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुकरा उरांव ने की, जबकि संचालन सोमनाथ उरांव ने किया। सम्मेलन में विकास उरांव, सुनील कच्छप, रजनी उरांव, सुमन तिर्की, मिताली उरांव, बिनसरिया उरांव, सुकरा तिर्की, लक्ष्मी भगत, सुखदेव उरांव सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति पर रामबाबू व नुनूकुंवर को दी गई विदाई



**रांची।** केंद्रीय भूमि जल बोर्ड प्रभाग-5 के सहायक वेधक सह यांत्रिक रामबाबू साह एवं नुनू कुंवर को मंगलवार को सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी। विदाई समारोह हरमू स्थित प्रभागीय कार्यालय में कार्यपालक अभियंता एससी प्रसाद की अध्यक्षता आयोजित की गई। जिसमें सहायक कार्यपालक अभियंता प्रभाकर साहू, कार्यालय अधीक्षक राजेश कुमार, सुधीर कुमार ओझा, वेधक प्रभारी हसन इमाम अंसारी, विवेक कुमार, एनकेपी चौरसिया, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार, जितेश कुमार, सहित दर्जनों कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने दोनों कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन सदानंद सिंह यादव ने किया।

## रांची पुलिस ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी विदाई



**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंगलवार को नवीन पुलिस केंद्र में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (नगर), पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), पुलिस अधीक्षक (यातायात), कई पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ पुलिस विभाग की सेवा की है। उनके द्वारा दी गई दीर्घकालीन एवं उत्कृष्ट सेवाएं विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगी। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए उनके नए जीवन चरण के लिए शुभकामनाएं दीं।

## आज कल




### डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

# ईवीएम की सुरक्षा और रखरखाव अत्यंत महत्वपूर्ण है : मंजूनाथ भजंत्री

● निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को नगड़ी स्थित ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव एवं निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन एवं संबंधित अधिकारियों के साथ वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा, रखरखाव और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण करने तथा आयोग के मानकों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# एफटीएस युवा रांची की 'नगर यात्रा'

**नवीन मेल संवाददाता**




● ग्रामीण बच्चों ने शहर का किया अनुभव, चेहरों पर बिखरी मुस्कान

● 16 एकल विद्यालयों के बच्चों ने स्टारकेड में खेल, मनोरंजन और सीख से भरे दिन का लिया आनंद

**रांची।** एफटीएस युवा रांची की ओर से 'नगर यात्रा 4.0' का सफल आयोजन किया गया। यह पहल सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शहर के अनुभवों से जोड़ने और उनके जीवन में नई खुशियां एवं यादगार पल जोड़ने के उद्देश्य से की गई।

नगर यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण बच्चों के लिए नए अनुभवों, आत्मविश्वास और उत्साह का अवसर बनी। इस पहल के माध्यम से एकल विद्यालयों से जुड़े बच्चों को शहर का भ्रमण करने, नए वातावरण को समझने और जीवनभर याद रहने वाली सुखद स्मृतियां संजोने का मौका मिला। कार्यक्रम में शामिल बच्चे एफटीएस से जुड़े एकल विद्यालयों के विद्यार्थी थे। एफटीएस देशभर के दूरदराज और वंचित गांवों में शिक्षा, संस्कार एवं मूल्य आधारित शिक्षण के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता है।

इस वर्ष नगर यात्रा का आयोजन रांची स्थित स्टारकेड में किया गया, जिसमें 16 एकल विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने खेल-कूद, मनोरंजन, हंसी-मजाक और स्वादिष्ट भोजन का भरपूर आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में एफटीएस युवा रांची के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अध्यक्ष अभिनव मित्तल, सचिव कंचन कौर सहित सक्रिय सदस्य विशेष केडिया, सृष्टि अग्रवाल, शुभम शोमानी, अभिजीत, सौरव बोस, पूजा बागड़िया समेत कई स्वयंसेवकों ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली।


एफटीएस युवा रांची के सदस्यों ने कहा कि 'नगर यात्रा' जैसी पहल का उद्देश्य बच्चों को नए अवसरों से जोड़ना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना और उनके विकास में सकारात्मक योगदान देना है। संगठन भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के जीवन में खुशियां और प्रेरणा के नए अवसर उपलब्ध कराता रहेगा।

### रांची के समग्र विकास को लेकर महापौर व उपमहापौर ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से दिल्ली में की मुलाकात

# राजधानी रांची के विकास के लिए रोशनी खलखो ने केंद्र सरकार से मांगा सहयोग

● महापौर ने कहा, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार का सहयोग महत्वपूर्ण होगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची की महापौर रोशनी खलखो और उपमहापौर नीरज कुमार ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रांची के समग्र एवं सुनियोजित शहरी विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा पर्यावरण-अनुकूल आधारभूत संरचना के निर्माण के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

मुलाकात के दौरान महापौर रोशनी खलखो ने रांची की तेजी से बढ़ती जनसंख्या और शहरीकरण से उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि शहर में बेहतर सड़क नेटवर्क, प्रभावी जल निकासी व्यवस्था, स्वच्छता सेवाओं के विस्तार, हरित क्षेत्रों के विकास तथा अन्य बुनियादी नागरिक सुविधाओं को और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार का सहयोग महत्वपूर्ण होगा।

महापौर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से रांची को एक स्वच्छ, आधुनिक, सुव्यवस्थित और पर्यावरण-अनुकूल शहर के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने शहर के सतत विकास के लिए विभिन्न शहरी विकास परियोजनाओं को गति देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने रांची के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और शहर के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शहरी विकास से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सहयोग दिया जाएगा।

## श्री श्याम मंदिर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में 210वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का भक्ति भाव से आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर 'राम सिया राम, सिया राम जय-जय राम' के संकीर्तन और 'जय बजरंग बली' के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल के निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने सदस्य अरुण खुटेटा से बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कराकर कराया। अरुण खुटेटा ने बालाजी महाराज को केसरिया पेड़ा, गुड़, चना और फल का भोग अर्पित किया। यजमान ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ का पूजन कर पाठ वाचकों का चंदन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक और ढपली की मधुर धुनों पर श्रीगणेश वंदना के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ किया। इसके बाद श्रद्धालुओं की सहभागिता से संगीतमय श्री सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ, महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद, पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा, मनीष साहू ने गिरिगोला तथा राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद सेवा अर्पित की। कार्यक्रम में मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल, निवर्तमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, अशोक लड़ियां, कृष्णा, अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में आयोजित होने वाले 207वें श्री श्याम भंडारे की सेवा मयंक अग्रवाल द्वारा निवेदित की जाएगी।

### सीसीएल में 110 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

## आपकी हर सेवाएं सदैव प्रेरणादायी रहेंगी : हर्षनाथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर जून 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। मुख्यालय से छह कर्मियों सहित सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 110 सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने सेवानिवृत्त कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में लगन, निष्ठा और कार्यकुशलता से कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि कर्मियों का अनुभव, अनुशासन और समर्पण संगठन की कार्यसंस्कृति को समृद्ध करने में हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने सेवाकाल के अनुभव, भावनाएं और यादें साझा कीं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी और परिजन भावुक हो उठे। मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वालों में अतनु चौधरी (मुख्य प्रबंधक, मानव संसाधन), विनोद एमेल सुरीन (कार्यालय अधीक्षक), बिरसा उरांव (सुरक्षा उप-निरीक्षक), पंकज कुमार (कार्यालय अधीक्षक-ए1), लैजरस खलखो (कार्यालय अधीक्षक, सीएमपीएफ विभाग) तथा अनिता निर्मला तिर्की (मैट्रन, गांधीनगर अस्पताल) शामिल हैं। समारोह में विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखद और सफल भविष्य की कामना की गई।

## सदर अस्पताल में पहली बार दूरबीन विधि से 1.45 किलो की तिल्ली का सफल ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता**



● लंबे समय से एनीमिया और पेट दर्द से पीड़ित महिला को मिली राहत : डॉ अजीत

**रांची।** सदर अस्पताल, रांची ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार दूरबीन (लैप्रोस्कोपिक) विधि से 1.45 किलोग्राम वजनी तिल्ली (स्प्लीन) का सफल ऑपरेशन किया है। सफल सर्जरी के बाद मरीज को स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

बुंडू प्रखंड के आनेडीह गांव निवासी सुलोचना देवी लंबे समय से पेट दर्द, पेट में भारीपन और अत्यधिक कमजोरी से परेशान थीं। उनके पति मृत्युंजय महतो एक छोटे किसान हैं। मरीज ने कई अस्पतालों में इलाज कराया, जहां उन्हें खून की बीमारी और कैंसर होने की आशंका भी जताई गई थी। सदर अस्पताल के सर्जरी विभाग में जांच के दौरान पता चला कि मरीज का हीमोग्लोबिन लगातार करीब 5 ग्राम प्रति डेसीलीटर बना हुआ था। खून चढ़ाने के बाद भी कुछ ही दिनों में हीमोग्लोबिन का स्तर फिर कम हो जाता था। जांच में यह भी सामने आया कि उनकी तिल्ली असामान्य रूप से बढ़ चुकी थी। रिम्स में कराई गई एमआरआई जांच में तिल्ली का आकार 26×16 सेंटीमीटर पाया गया। ऑन्कोलॉजी विभाग के चिकित्सकों की सलाह पर तिल्ली निकालने और उसकी बायोप्सी करने का निर्णय लिया गया।

## एनयूएसआरएल रांची में चार नए पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू, 30 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन

**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए चार नए पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजी डिप्लोमा) कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों, कर्मचारियों, कार्यरत पेशेवरों, शिक्षाविदों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को उभरते विधिक क्षेत्रों में व्यावहारिक, समकालीन और विशेषज्ञ कानूनी ज्ञान उपलब्ध कराना है। विश्वविद्यालय ने झारखंड की खनिज संपदा और उससे जुड़े बढ़ते कानूनी एवं नीतिगत महत्व को ध्यान में रखते हुए माइंस एंड मिनरल्स लॉ में विशेषीकृत पीजी डिप्लोमा शुरू किया है। इसके अलावा बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण तथा कॉर्पोरेट लॉ में भी विशेषीकृत पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों को आधुनिक कानूनी चुनौतियों, नीति निर्माण की जरूरतों और उद्योग तथा समाज की बदलती मांगों के अनुरूप तैयार किया गया है। इन कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक डिग्री प्राप्त अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक कार्यक्रम का पाठ्यक्रम शुल्क 35,000 रुपए तथा आवेदन शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2026 है। मेरिट सूची 2 अगस्त 2026 को जारी की जाएगी, जबकि कक्षाओं का शुभारंभ 10 अगस्त 2026 से होगा।

## तिरुपति बालाजी मंदिर में जगद्गुरु अनिरुद्धाचार्य का प्रवचन, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु



**रांची।** रांची नगर स्थित दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में श्रीधाम वृंदावन से पधारे जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्यजी महाराज ने भक्तों को अपने प्रवचन से आध्यात्मिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को संसार के मोह-माया से ऊपर उठकर भगवान के प्रति सच्ची भक्ति और समर्पण का भाव रखना चाहिए, तभी जीवन सार्थक और निर्मल बन सकता है। प्रवचन के दौरान महाराजश्री ने कहा कि मनुष्य का शरीर नश्वर है और संसार क्षणभंगुर है। यदि मनुष्य अपनी मोह, ममता और आसक्ति भगवान तथा उनके नाम में लगाए, तो वह ईश्वर की कृपा का पात्र बन जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान अत्यंत सरल और करुणामय हैं तथा जो श्रद्धा और प्रेम से उन्हें पुकारता है, वे उसकी पुकार अवश्य सुनते हैं। उन्होंने कहा कि संसार में सब कुछ नश्वर है, जबकि भगवान ही शाश्वत, सर्वव्यापी और मनुष्य के सच्चे साथी हैं। प्रवचन के पश्चात प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा संगीतमय श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। पूर्णाहुति के बाद उपस्थित भक्तों के बीच सूजी के हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मंदिर के अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य एवं श्री नारायण दास के अलावा श्रीधाम वृंदावन से दामोदर दास, भागीरथ, गणेश और वेणुगोपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रामअवतार नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह सहित मंदिर समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**समारोह** | सीसीएल का 'स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न, सफाई मित्रों का हुआ सम्मान

# पहाड़ी मंदिर परिसर में चला विशेष सफाई अभियान

● नुक्कड़ नाटक और विभिन्न गतिविधियों से दिया स्वच्छता का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में 16 जून से चल रहे 'स्वच्छता पखवाड़ा-2026' का मंगलवार को समारोहपूर्वक समापन हो गया। सीसीएल मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों में 16 जून को स्वच्छता शपथ के साथ शुरू हुए इस अभियान के दौरान स्वच्छता, जन-जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समापन समारोह में सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र और निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे। निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सीसीएल स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्ध है तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी ने कहा कि स्वच्छ कार्यस्थल बेहतर कार्य संस्कृति के साथ सुरक्षा और उत्पादकता को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कर्मचारियों से स्वच्छता को दैनिक आदत बनाने की अपील की।

समारोह का प्रमुख आकर्षण 'मिस्टर लापरवाह' नुक्कड़ नाटक रहा। नाटक के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और लापरवाहीपूर्ण आदतों पर प्रभावी संदेश दिया गया। समापन समारोह में सीसीएल के सफाई मित्रों एवं स्वच्छता कर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। निदेशक (मानव संसाधन) और निदेशक (तकनीकी/संचालन) ने उन्हें स्वच्छता किट प्रदान कर सम्मानित किया। किट में कैनवास बैग, टी-शर्ट, ग्लव्स, मास्क, सैनिटाइजर, टिफिन बॉक्स और तौलिया सहित अन्य सामग्री शामिल थी। 28 जून को 'स्वच्छता ऑन कैनवास-2026' चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रांची के 30 विद्यालयों के 180 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं, अरगड़ा क्षेत्र की वर्कशॉप में कबाड़ से 'मेक इन इंडिया' की प्रतिमा बनाकर 'कबाड़ से कंचन' का संदेश दिया गया। रजरप्पा, कुजू और बरकासयाल क्षेत्रों में वॉल पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा जूट एवं कपड़े के थैलों के वितरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के अंतिम दिन पहाड़ी मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि स्वच्छता को अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाया जाएगा और सीसीएल परिवार स्वच्छ एवं विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाता रहेगा।

### पखवाड़े में हुईं विविध गतिविधियां

स्वच्छता पखवाड़े के दौरान सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों, कॉलोनियों और कार्यस्थलों पर सफाई अभियान, श्रमदान और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधरोपण, सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता रैली और स्वच्छता अभियान भी चलाए गए।

**संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर**

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारु पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण, आधार कार्ड, अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णत: गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

**प्रधान संपादक**
hr.rnmail@gmail.com

# हूल दिवस पर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**पिपरवार।** अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हुए ऐतिहासिक संथाल हूल विद्रोह की स्मृति में मंगलवार को पिपरवार के कारो गांव में हूल दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। रूढ़ीगत ग्राम सभा कारो की ओर से सरना स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वीर क्रांतिकारी सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो सहित सभी अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुषों ने वीर शहीदों के अद्वितीय साहस, संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान सरना स्थल "वीर शहीद अमर रहे" के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षत प्रियंका देवी ने की, जबकि संचालन सोनी कुमारी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि सिदो-कान्हू, चांद-भैरव एवं फूलो-झानो ने अंग्रेजी शासन के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष कर आदिवासी समाज में स्वाभिमान और अधिकारों की अलख जगाई। उनका बलिदान आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों के संघर्ष और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## पिपरवार पुलिस को बड़ी सफलता

# टीएसपीसी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

- आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पिपरवार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के दो वांछित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी लंबे समय से नक्सली गतिविधियों एवं अन्य गंभीर आपराधिक मामलों में फरार चल रहे थे। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित विशेष छापेमारी दल ने कार्रवाई करते हुए टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य मसी तिग्गा तथा किरण नगडवार को गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध पिपरवार थाना कांड संख्या 23/25 में आर्म्स एक्ट, सीएलए एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज था तथा वे लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार मसी तिग्गा का नक्सली गतिविधियों से पुराना संबंध रहा है। उसके खिलाफ पिपरवार, टंडवा एवं खलारी थाना क्षेत्रों में आर्म्स एक्ट, यूएपीए, सीएलए एक्ट, लूट, रंगदारी सहित कई गंभीर मामलों में प्राथमिकी दर्ज है। वहीं किरण नगडवार पर भी पिपरवार एवं टंडवा थाना क्षेत्रों में यूएपीए, आर्म्स एक्ट, सीएलए एक्ट समेत कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस अभियान में एसडीपीओ टंडवा प्रभात रंजन बरवार, तथा पिपरवार थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलवाद और संगठित अपराध के खिलाफ विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा वांछित अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## डीएवी खलारी में पुलिस ने बच्चों को दिया नशा मुक्ति का संदेश

# जागरूकता को बताया सबसे बड़ा बचाव

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** युवाओं और विद्यार्थियों को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से बचाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से खलारी थाना पुलिस ने मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, खलारी में विशेष नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रामकुमार वर्मा एवं पुअनि कपिलदेव यादव ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, उससे बचाव के उपाय और नशा संबंधी कानूनों की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिवार द्वारा पुलिस अधिकारियों का चंदन तिलक लगाकर स्वागत करने के साथ हुई। थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा ने कहा कि नशा आज समाज के सामने गंभीर चुनौती बन चुका है और इसका सबसे अधिक असर युवाओं पर पड़ रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि छात्र जीवन में अपनाई गई अच्छी या बुरी आदतें पूरे भविष्य को प्रभावित करती हैं। इसलिए स्वयं नशे से दूर रहें और अपने मित्रों व परिवार के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर और पारिवारिक जीवन को प्रभावित करने के साथ उसे अपराध की ओर भी धकेल सकता है। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को गलत संगति से बचने, किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ की पेशकश होने पर स्पष्ट रूप से मना करने तथा ऐसी किसी गतिविधि की जानकारी अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को देने की सलाह दी।

## डुमरी में भाजपा ने मनाया हूल दिवस, अश्विनी चौबे बोले

# सिदो-कान्हू का बलिदान देश कभी नहीं भूलेगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** भारतीय जनता पार्टी बेड़ो मंडल की ओर से डुमरी गांव में हूल दिवस का आयोजन श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार चौबे शामिल हुए। उन्होंने संथाल हूल के महानायक सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को देश के स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा एसटी मोर्चा अध्यक्ष बिरसा उरांव ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी मनोज कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर अश्विनी चौबे, मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने संयुक्त रूप से सिद्धो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में अश्विनी चौबे ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत झारखंड की धरती से संथाल हूल के रूप में हुई थी। सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष कर देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया। उनका बलिदान सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान मंगरू मुंडा एवं गांव के पाहन जगत मुंडा को अश्विनी चौबे ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, गांव की छात्रा साक्षी कुमारी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# करांजी में मोहर्रम मेला एवं जुलूस का हुआ भव्य आयोजन

- अखाड़ाधारियों ने लाठी और तलवार के हैरतअंगेज प्रदर्शन से बांधा समां, पुलिस प्रशासन ने संभाली व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेडो।** प्रखंड के करांजी गांव स्थित मोहर्रम अखाड़े में मोहर्रम मेला सह जुलूस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने डीएसपी दीपक कुमार के साथ संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अतिथियों ने तलवार और लाठी भांजकर विधिवत रूप से मेले का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ राहुल उरांव, थाना प्रभारी मो. कफील अहमद, उप प्रमुख मोदि्सर हक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रो. करमा उरांव, मनरेगा बीपीओ संजय तिर्की सहित कई लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि मोहर्रम त्याग, बलिदान और समर्पण का पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है।

# रांची में आज से इंद्रजाल शो, पहले दो दिनों तक टिकटों पर विशेष छूट

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी के लोगों के लिए विश्वस्तरीय जादू का रोमांच देखने का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। भारत के प्रसिद्ध जादूगर ए. सरकार और जी. सी. सरकार के भव्य इंद्रजाल (मैजिक शो) का आयोजन 2 जुलाई से द रॉयल हाइट बैंक्वेट हॉल, अटल स्मृति भवन (ए.सी.), चौथी मंजिल, वेंडर मार्केट, में किया जाएगा। यह शो आधुनिक तकनीक और पारंपरिक इंद्रजाल का अनूठा संगम होगा, जिसमें दर्शकों को हैरतअंगेज प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। आयोजकों के अनुसार, प्रतिदिन तीन शो आयोजित होंगे। पहला शो दोपहर 1 बजे, दूसरा शाम 4 बजे और तीसरा शाम 7 बजे शुरू होगा। प्रत्येक शो की अवधि दो घंटे होगी। दर्शकों की सुविधा के लिए टिकट 100, 200, 300 और 500 रुपए की श्रेणियों में उपलब्ध होंगे। शो के पहले दो दिन 200, 300 और 500 रुपए के टिकटों पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। वहीं, यदि कोई स्कूल अपने विद्यार्थियों का समूह लेकर शो देखने आता है तो उसे विशेष रियायती दर पर टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे।

### नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का भव्य समापन

**सिल्ली।** सिल्ली हाट बागान स्थित हरि मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का सोमवार देर रात जागरण एवं मंगलवार सुबह पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण हरिनाम संकीर्तन से भक्तिमय बना रहा। संकीर्तन के दौरान सोंढ़ो, विभिन्न क्षेत्रों की कीर्तन मंडलियों ने भक्ति गीतों एवं हरिनाम संकीर्तन की प्रस्तुति दी।

## बेडो और लापुंग में एसआईआर शुरू

# घर-घर जाकर होगा मतदाताओं का सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बेडो एवं लापुंग प्रखंड में मंगलवार से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान की शुरुआत की गई। पहले दिन सभी मतदान केंद्रों पर बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) एवं बीएलए-2 की बैठकें आयोजित कर घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन की कार्ययोजना तैयार की गई। बैठकों में 30 जून से 29 जुलाई तक चलने वाले डोर-टू-डोर सत्यापन अभियान की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राज कुंवर सिंह (बेड़ो) तथा अंचलाधिकारी पंकज कुमार (लापुंग) ने अपने-अपने प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ की बैठकों की समीक्षा की और अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

अभियान के तहत बेडो और लापुंग के कई विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। हूल दिवस की छुट्टी के बावजूद छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। लापुंग के राजकीय मध्य विद्यालय लेटे, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सेमला कुसुमटोली सहित कई विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वहीं, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मासू, राजकीय प्राथमिक विद्यालय चचकोपी (भैंसादोन) सहित कई विद्यालयों में बैठक कर एसआईआर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# 12वें जेबीसीसीआई गठन की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा ने की गेट मीटिंग




**नवीन मेल संवाददाता**

**पिपरवार।** कोल इंडिया में 12वें जेबीसीसीआई (ज्वाइंट बाइपार्टाइट कमेटी फॉर द कोल इंडस्ट्री) के गठन की मांग को लेकर मंगलवार को पिपरवार क्षेत्र में संयुक्त मोर्चा की ओर से विभिन्न परियोजना स्थलों पर गेट मीटिंग आयोजित की गई। इस दौरान एक जुलाई को प्रस्तावित "मांग दिवस" कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पिपरवार पिट ऑफिस, पिपरवार वर्कशॉप, सीएचपी पिपरवार एवं राजधर साइडिंग में आयोजित गेट मीटिंग की अध्यक्षता संयुक्त अध्यक्ष मंडली ने की। सभा का संचालन पिपरवार पिट ऑफिस में कामरेड अरविंद शर्मा, सीएचपी में हाजी इस्लाम अंसारी तथा राजधर साइडिंग में के.के. चतुर्वेदी ने किया।

## अभियान | एसआईआर का इन्यूमरेशन फेज शुरू, मतदाताओं से सहयोग की अपील

# खलारी प्रखंड में घर-घर होगा मतदाताओं का सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत मंगलवार से इन्यूमरेशन (गणना) फेज की शुरुआत हो गई। अभियान के पहले दिन खलारी प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ, सुपरवाइजर, विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष एवं अभियान से जुड़े सदस्यों की बैठक आयोजित की , गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इन्यूमरेशन फेज 29 जुलाई 2026 तक चलेगा। इस अवधि में बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। सत्यापन के दौरान पात्र नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत अथवा स्थायी रूप से अन्यत्र चले गए मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाता सूची में दर्ज विवरणों में आवश्यक संशोधन का कार्य निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से किया जाएगा। सभी प्रपत्रों की जांच के बाद उनका आनलाइन

### इन्यूमरेशन (गणना) प्रपत्र में सभी आवश्यक जानकारियां सावधानीपूर्वक भरें: बीडीओ



सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ खलारी प्रणव अम्बष्ट ने आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम इसमें सही रूप से दर्ज होना आवश्यक है। बीडीओ प्रणव अम्बष्ट ने कहा, बीएलओ द्वारा इन्यूमरेशन (गणना) प्रपत्र में सभी आवश्यक जानकारियां सावधानीपूर्वक भरें, अपनी नवीनतम फोटो चिपकाएं तथा निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर कर उसे बीएलओ को सौंप दें। प्रपत्र की एक प्रति जमा करने के बाद दूसरी प्रति पर प्राप्ति रसीद (पावती) अवश्य लें और उसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है। गैर-भारतीय नागरिक अथवा भारतीय नागरिकता त्याग चुके व्यक्ति इस प्रपत्र को नहीं भरें। गलत जानकारी देकर गणना प्रपत्र या घोषणा पत्र जमा करना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत गंभीर एवं दंडनीय अपराध है, जिसके लिए कानूनी कार्रवाई का प्रविधान है।

## दृष्टिपात

### वज्रपात से किसान का बैल मरा

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सोंस पंचायत के बुचाओपा गांव में मंगलवार की शाम तेज बारिश के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से किसान फूलदेव उरांव के बैल की मौत हो गई। बताया जाता है कि फूलदेव उरांव अपनी खेती-बाड़ी के लिए मुख्य रूप से इसी बैल पर निर्भर थे। बैल की अचानक मृत्यु से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है, जिससे आगामी कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को आपदा राहत एवं उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### मांडर में प्रखंड कांग्रेस की बैठक में एसआईआर अभियान पर हुई चर्चा

**मांडर।** मंगलवार को प्रखंड सभागार में कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने की। उन्होंने एसआईआर अभियान के तहत सभी बूथों की मैपिंग की समीक्षा की। बीएलए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि 30 जून से गणना प्रपत्र भरने के दौरान बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर काम करें, ताकि कोई भी योग्य मतदाता छूटने न पाए। बंधु तिर्की ने आगामी 2 जुलाई 2026, गुरुवार को आयोजित होने वाले मैट्रिक स्तरीय सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मंगा उरांव, तबारक खान, जमील मलिक, संजय तिग्गा, अमित खलखो, सेरोफीना मिंज, अफसाना खातून, इरफान अंसारी, जुवेल तिग्गा, आजाद अंसारी, इंदु तिग्गा, चिंता उरांव, सुका उरांव, होसे उरांव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एसआईआर और सम्मान समारोह को लेकर अपनी जिम्मेदारी तय की।

### मांडर के बोंडो में घर पर बम फेंका, एक फटा, तीन बरामद

- पुलिस ने दो को पकड़ा, डराने की नीयत से किया था हमला



**मांडर।** महुवा जाड़ी पंचायत के बोन्डो गांव में सोमवार रात अज्ञात लोगों ने कुलदीप खलखो के घर पर चार देशी बम फेंक दिए। एक बम फटने से एस्बेस्टस का छप्पर टूट गया, जबकि तीन बम नहीं फटे। कुलदीप ने बताया कि रात 12 बजे धमाके की आवाज आई। ट्रांसफार्मर ब्लास्ट समझकर वह बाहर नहीं गए। मंगलवार सुबह पिता एतवा उरांव ने टूटी एस्बेस्टस शीट, छत पर तीन जिंदा बम और बाहर फटे बम के टुकड़े देखे। इसके बाद मांडर थाना को सूचना दी गई। थाना प्रभारी मनोज करमाली और खलारी डीएसपी आरएन चौधरी दल-बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने तीनों बमों को सुरक्षित निष्क्रिय कर दिया। कुलदीप ने दो नामजद व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उसका कहना है कि हमला जान से मारने व धमकाने के लिए किया गया। पुलिस ने मांडर के कुरकुरा मंदरो निवासी सरिता कुजूर और इटकी थाना क्षेत्र के नारी निवासी समीर करकेट्टा को हिरासत में लिया है। मामले की छानबीन जारी है।

### शहीद डीएसपी प्रमोद कुमार समेत पांच जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड पुलिस के इतिहास की सबसे दर्दनाक घटनाओं में शामिल तमाड़ के पुण्डिदीरी लैंडमाइन विस्फोट कांड को मंगलवार को 18 वर्ष पूरे हो गए। 30 जून 2008 को माओवादियों द्वारा बिछाए गए लैंडमाइन की चपेट में आने से बुंडू के तत्कालीन एसडीपीओ (डीएसपी) प्रमोद कुमार सहित पांच पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। इस घटना को आज भी झारखंड पुलिस और स्थानीय लोग एक काले दिन के रूप में याद करते हैं। जानकारी के अनुसार, मई 2008 में आईसीआईसीआई बैंक की कैश वैन से करीब 5.5 करोड़ रुपये की लूट के मामले में पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम लुंगटू के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाकर लौट रही थी। इसी दौरान माओवादियों के कुंदन पाहन गिरोह ने पहले से बिछाए गए लैंडमाइन के जरिए पुलिस टीम को निशाना बनाया। जैसे ही पुलिस वाहनों का काफिला करकरी नदी का पुल पार कर पुण्डिदीरी गांव के समीप पहुंचा, शक्तिशाली विस्फोट हुआ। तमाड़ थाना प्रभारी की गाड़ी के पीछे चल रही तत्कालीन एसडीपीओ प्रमोद कुमार की गाड़ी सीधे लैंडमाइन की चपेट में आ गई। धमाका इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही डीएसपी प्रमोद कुमार शहीद हो गए।

### अशोका माइंस में भूस्खलन की आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल



**पिपरवार।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की सीसीएल एनके एवं पिपरवार इकाई की ओर से मंगलवार को अशोका माइंस क्षेत्र में ब्लास्टिंग से संभावित भूस्खलन (लैंडस्लाइड) जैसी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का परीक्षण करना तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। मॉक ड्रिल के दौरान यह काल्पनिक स्थिति बनाई गई कि माइंस क्षेत्र में ब्लास्टिंग के बाद अचानक भूस्खलन हो गया, जिससे कई कर्मी प्रभावित हो गए और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवानों ने तत्काल प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी कर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। जवानों ने घायल कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया तथा आवश्यकता अनुसार एंबुलेंस के माध्यम से सीसीएल बचरा अस्पताल भेजने की प्रक्रिया का भी सफल प्रदर्शन किया। अभ्यास के दौरान सीसीएल फायर विंग, पिपरवार थाना पुलिस, थर्ड आईआरबी बटालियन तथा अन्य संबंधित एजेंसियों ने आपसी समन्वय के साथ आपदा प्रबंधन की कार्यप्रणाली का सफल अभ्यास किया।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता

**सिल्ली।** विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान के तहत मंगलवार को सिल्ली प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। कांग्रेस प्रखंड कमेटी की ओर से नियुक्त बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) अपने-अपने मतदान केंद्रों पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित कार्यों में जुटे रहे।कार्यकर्ताओं ने कहा कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनाना है। इसे सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी और उत्साह के साथ कार्य कर रहे हैं। अभियान के तहत खेदाडीह गांव के बूथ संख्या 56 एवं 57, पतराहातू के बूथ संख्या 72, दोवाडू के बूथ संख्या 64 एवं 65, विसरिया पंचायत के बूथ संख्या 104 एवं 118 तथा सिल्ली पंचायत के बूथ संख्या 83, 84, 85, 86, 87 और 88 सहित कई मतदान केंद्रों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### सोशल मीडिया दिवस पर श्री अग्रसेन स्कूल में डिबेट का आयोजन

# सोशल मीडिया को किसी ने बताया वरदान, तो किसी ने कहा आभासी दुनिया फैला रही नकारात्मकता

● सोशल मीडिया को वरदान बताने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि आज सूचना और संवाद का सबसे तेज माध्यम बन गया है

नवीन मेल संवाददाता




**भुरकुंडा।** सोशल मीडिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को श्री अग्रसेन स्कूल में डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। डिबेट का विषय था सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच सोशल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं पर जागरूकता बढ़ाते हुए उनमें तार्किक सोच, अभिव्यक्ति की क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करना था।

डिबेट की शुरुआत में शिक्षक कुमुल कुमार ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह न केवल संचार का सशक्त माध्यम है, बल्कि शिक्षा, व्यवसाय, मनोरंजन और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। डिबेट में शामिल एक पक्ष के प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया को वरदान बताया, जबकि दूसरे पक्ष ने इसे अभिशाप के रूप में प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों ने इसके लिए अपने-अपने तर्क दिए। सोशल मीडिया को वरदान बताने वाले विद्यार्थियों ने कहा कि आज के डिजिटल युग में यह सूचना और संवाद का सबसे तेज माध्यम बन गया है। इसके जरिए लोग दुनिया के किसी भी कोने में बैठे व्यक्ति से कुछ ही क्षणों में जुड़ सकते हैं। विद्यार्थियों ने यह भी बताया कि ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, वेबिनार और शैक्षणिक सामग्री तक पहुँच आसान बनाने में सोशल मीडिया ने अहम भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त सामाजिक अभियानों, आपदा राहत कार्यों और जन-जागरूकता फैलाने में भी इसकी उपयोगिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं सोशल मीडिया को अभिशाप बताने वाले प्रतिभागियों ने इसके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग समय की बर्बादी, मानसिक तनाव और एकाग्रता में कमी का कारण बन रहा है। फेक न्यूज, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन ठगी और निजता के उल्लंघन जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं।विद्यार्थियों ने यह चिंता भी व्यक्त की कि कई युवा वास्तविक जीवन के संबंधों से दूर होकर आभासी दुनिया में अधिक समय बिताने लगे हैं, जिसका उनके सामाजिक और भावनात्मक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

## सूर्यकुंड धाम में मना हूल दिवस, वीर सपूतों को किया गया नमन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक पर्यटक स्थल सूर्यकुंड धाम में भारत जकात मांझी परगना महाल के सदस्यों व अन्य लोगों के द्वारा मंगलवार दोपहर को हुल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राम जी बेसरा ने कहा आज का दिन हमें सिदो-कान्हू, चाँद-भैरव और फूलो-झानो जैसे महान वीरों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने अन्याय और शोषण के विरुद्ध अपनी जान की परवाह किए बिना संघर्ष किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वाभिमान की मशाल जलाई। मनोज मुर्मू ने कहा, हूल दिवस के इस पावन अवसर पर हम अपने वीर पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक नमन करें और उनके बताए एकता, साहस, सम्मान और संघर्ष के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।हूल हमारी पहचान है, हूल हमारा स्वाभिमान है। वीरों का बलिदान ही झारखंड की शान है। मौके पर अध्यक्ष रामजी बेसरा सचिव मनोज मुर्मू , महेंद्र मुर्मू, रामू मरांडी, बिनोद बेसरा, दासों मुर्मू, छोटन मरांडी, शंकर साव, बासुदेव मरांडी, रामू टुडू सहदेव हेंब्रम, प्रधानाध्यापक संजुल मुर्मू, प्रधानक अध्यापक महादेव मुर्मू, केशोलाल किस्कू, शिबू हांसदा, सूरज बसके दिनेश बेसरा, प्रधानाध्यापक मुकेश शर्मा ,मनोज मुर्मू समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमिटी ने कार्यालय में मनाया हूल दिवस



**भुरकुंडा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातु प्रखंड कमिटी ने मंगलवार को भुरकुंडा स्थित प्रधान कार्यालय में हूल दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सिद्धू-कान्हू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। वक्ताओं ने कहा कि सिद्धू-कान्हू ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासी समाज को संगठित कर ऐतिहासिक संघर्ष किया था। उनका बलिदान आज भी समाज को अन्याय और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हुल क्रांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान सामाजिक एकता, अधिकारों की रक्षा और जनहित के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। मौके पर झलकू बेदिया, उदय अग्रवाल, हरीलाल बेदिया, मुकेश राउत, संजय वर्मा, चैलेन्द बेदिया, लखन मुंडा, आजाद अंसारी, मनसा बेदिया, राजन करमाली, चरकु गंजू, दीपक साव, किशोर कुमार, सतनारायण यादव, संजीव मुंडा, शिवनारायण प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पटेल नगर में वैदिक विधि से हुआ मूर्ति विसर्जन व हवन-पूजन



● उपस्थित लोगों ने कहा कि नए स्वरूप में मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा

नवीन मेल संवाददाता

**भुरकुंडा।** पटेलनगर स्थित श्री श्री शिवशक्ति धाम मंदिर के जीर्णोद्धार एवं भव्य पुनर्निर्माण की शुरुआत मंगलवार को वैदिक रीति-रिवाज के साथ हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में मूर्ति विसर्जन, हवन-पूजन, रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में यजमान के रूप में निर्मल अग्रवाल सपत्नीक शामिल हुए, जबकि आचार्य अशोक मिश्रा व मुकेश पाण्डेय ने पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। अनुष्ठान के दौरान मंदिर में स्थापित शिव परिवार की प्रतिमाओं एवं शिवलिंग का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गौरी गणेश पूजन, रुद्राभिषेक, महाआरती व विर्सजन विधि मंत्रोच्चारण से की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल रहा। उपस्थित लोगों ने कहा कि नए स्वरूप में मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में उमेश राजगढ़िया, उदय सिंह, नरेश त्रेहान, बद्री प्रसाद वर्णवाल, उत्तम सिन्हा, जितेंद्र पांडेय, सुनील अग्रवाल, बिनोद शर्मा, बिमल यादव, मुन्ना यादव, संजय अग्रवाल, बिनय तिवारी, रामाकांत दुबे, नरेंद्र कुमार सिंह, अशोक सिंह, दिलीप मनकसिया, शिव कुमार गुप्ता, शिव कुमार शर्मा सहित दर्जनों शामिल थे।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण-2026 के तहत उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# पुनरीक्षण अभियान को सही ढंग से संचालित करने का दिया निर्देश

● उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर -2026) के तहत चल रहे एन्यूमरेशन कार्य की प्रगति एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ऋतुराज ने मंगलवार को 23-रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ ) द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र वितरण, प्रपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया, मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही जानकारी तथा अभिलेख संधारण की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर आयोजित चुनाव पाठशाला का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने उपस्थित मतदाताओं से संवाद करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य एवं प्रक्रिया की जानकारी दी तथा सभी मतदाताओं से गणना प्रपत्र सही एवं पूर्ण रूप से भरकर समय पर बीएलओ को उपलब्ध कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बीएलओ को निर्देश दिया कि गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण के दौरान प्रत्येक मतदाता को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी दें तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए।। उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा गणना प्रपत्र वितरण एवं मतदाता जागरूकता गतिविधियों का जायजा लिया।

जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित प्रपत्र भरकर समय पर बीएलओ को उपलब्ध कराएं तथा शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने में अपना सक्रिय सहयोग दें।

## मतदाता पुनरीक्षण अभियान शुरू, नए मतदाताओं को जोड़ने पर जोर



**बरही।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत भाजपा की ओर से मंगलवार को गौरियाकरमा पंचायत के धोबियाटांड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। जिसमे भाजपा के वरिष्ठ नेता सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए-2, पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय मतदाताओं को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी गई। बताया गया कि 30 जून से 30 जुलाई 2026 तक चलने वाले इस अभियान के दौरान मतदाता अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों का सत्यापन एवं संशोधन करा सकते हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवक-युवतियां फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है। बैठक में "कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र मतदाता जुड़े नहीं" के संदेश के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, संजय कुमार वर्मा, संतोष कुमार, विश्वेश्वर प्रसाद, सुरेंद्र कुमार सहित कई महिला मतदाता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीन बच्चों के साथ घर से निकली महिला लापता, बरही थाना में सनहा दर्ज



**बरही।** करियातपुर गांव की रहने वाली एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। मामले को लेकर उसकी सास ने बरही थाना में सनहा दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार करियातपुर निवासी शांति देवी (56 वर्ष), पति तालेश्वर रविदास द्वारा 28 जून को दिए गए आवेदन में बताया गया है कि उनकी मझली पुत्रवधू पार्वती देवी अपने तीन पुत्रों के साथ घर से निकली थी, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है। उनका पुत्र रोजगार के सिलसिले में केरल गया हुआ है। आवेदन के अनुसार 24 जून की सुबह 8 बजे गुमशुदा महिला ने अपनी सास को फोन कर बताया था कि वह मायके जा रही है। इसके बाद जब परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो शुरुआत में फोन रिसीव नहीं हुआ। बाद में फोन चालू होने पर महिला ने बातचीत तो की, लेकिन अपने ठिकाने की स्पष्ट जानकारी नहीं दी। परिजनों द्वारा लगातार पूछताछ करने पर भी उसने अपना स्थान बताने से इनकार कर दिया। परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित ठिकानों पर खोजबीन की, लेकिन महिला और बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला। लापता महिला के साथ उसका बड़ा पुत्र बादल कुमार (13 वर्ष), मंझला पुत्र प्रशांत कुमार (12 वर्ष) तथा छोटा पुत्र प्रशांत कुमार (4 वर्ष) भी है। पुलिस ने सनहा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा महिला और बच्चों की तलाश की जा रही है।

### गणना प्रपत्र वितरण के साथ पुनरीक्षण अभियान शुरू

# बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को दें सही जानकारी : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान के तहत मंगलवार से गणना प्रपत्र वितरण एवं घर-घर सत्यापन कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, बरही स्थित बूथ पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप (BAG) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी जोहान टुडू एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

एसडीओ जोहान टुडू ने कहा कि SIR का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसके लिए बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा मृत, स्थानांतरित अथवा अपात्र व्यक्तियों की प्रविष्टियों का निष्पादन हो, इसके लिए आम जनता का सहयोग आवश्यक है।

बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि गणना प्रपत्र में दर्ज सूचनाओं के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि बीएलओ के घर पहुंचने पर सही जानकारी एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं तथा निर्धारित समय के भीतर गणना प्रपत्र भरकर जमा करें।

बैठक में कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम, कांग्रेस नेता डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, उपमुखिया प्रतिनिधि मो. इजहार, रिजवान अंसारी, गुलजार अंसारी, बीएलओ सह सहिया कांति देवी, संयुक्ता सिन्हा, अनीता केसरी, तबस्सुम, सुनीता विश्वकर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भूमि विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, 12 घायल

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका में भूमि विवाद को लेकर हुई खूनी संघर्ष में 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मंगलवार की सुबह 7 बजे के करीब खेत जोतने को लेकर हुई कहासुनी खून-खराबा में तब्दील हो गया। मारपीट में बीरेंद्र मंडल 47 वर्ष रामलाल महतो, इंदो महतो 70, किशोर साव 60 वर्ष, मुकेश कुमार 27 वर्ष पिता नंदलाल महतो, मुकेश कुमार 31 वर्ष पिता बनवारी महतो, मनोज महतो 29 वर्ष पिता इंदो महतो, सूरज कुमार 27 वर्ष पिता लाल मोहन प्रसाद, देवकी देवी 60 वर्ष पति प्रयाग महतो, उनके पुत्र विकास कुमार 25 वर्ष, लालधारी महतो 60 वर्ष तथा दूसरे पक्ष के कौलेश्वर यादव 40 वर्ष पिता रुपन यादव, रंजीत कुमार यादव 30 वर्ष पिता महेश यादव घायल हो गये। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। जहां से चिकित्सक ने सभी को बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया। इस बाबत दोनों पक्षों की ओर से बरकट्ठा थाना में मारपीट को लेकर आवेदन दिया गया है।

## एस्बेस्टस काटकर मोबाइल दुकान में चोरी का प्रयास विफल



**बरही।** कोनरा पंचायत भवन के समीप संचालित रौनक मोबाइल दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। दुकान संचालक मो. शाहरुख ने बताया कि घटना 26 जून की रात की है, जिसकी जानकारी उन्हें 29 जून को हुई। बारिश के दौरान दुकान में पानी टपकने पर जब उन्होंने छत की जांच की, तब पता चला कि किसी ने दुकान की छत पर लगे एस्बेस्टस को काट दिया है। दुकानदार के अनुसार, छत के नीचे लगी फॉल्स सीलिंग के कारण चोर दुकान के भीतर प्रवेश नहीं कर सके, जिससे संभावित बड़ी चोरी टल गई। उन्होंने बताया कि पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में 20 से 30 वर्ष आयु का एक युवक संदिग्ध गतिविधि करते दिखाई दे रहा है। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी जा रही है। भुक्तभोगी दुकानदार ने बताया कि उनकी दुकान में पूर्व में भी तीन बार चोरी की घटनाओं को इसी प्रकार अंजाम दिया जा चुका है। थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के बावजूद अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की गहन जांच कर आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी की मांग की है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित एक मोबाइल दुकान में भी इसी प्रकार चोरी की घटना हुई थी, जिसमें चोर सामान लेकर फरार हो गए थे।

## राधा गोविन्द विवि के संकाय में नेशनल इंश्योरेंस जागरूकता दिवस मनाया गया



**रामगढ़।** सोमवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय में नेशनल इन्श्योरेन्स जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओ को आपात स्थितियों में वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने वाली विभिन्न बीमा पॉलिसियों के महत्व और लाभों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर संकाय के व्याख्यातागणों ने छात्र-छात्राओ को इन्श्योरेन्स के प्रति जागरूक किए और इस विषय पर छात्र-छात्राओं ने भी अपने अपने विचार रखे। प्रबंधन विभाग के आयुष, अर्पित, आदित्य एवं वाणिज्य विभाग से आस्था राज, आयशा अंजुम, कोमल अग्रवाल ने अपने विचार रखे। विश्वविद्यालय कुलाधिपति बी एन साह ने इंश्योरेंस डे के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दी और उन्होंने कहा कि सुरक्षित जीवन और समृद्ध भविष्य के लिए बीमा के महत्व को अपनाएँ। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ रंजन कुमार ने बताया की बीमा केवल एक पॉलिसी नहीं, बल्कि जीवन, परिवार और भविष्य की सुरक्षा का सशक्त संकल्प है। बीमा का होना हर एक आदमी के लिए आवश्यक है। व्याख्याता उदय प्रसाद ने छात्रों को बताया कि बीमा खर्च नहीं , अपने परिवार के सुरक्षित भविष्य में किया गया एक समझदारी भरा निवेश है। कार्यक्रम का संचालन मो रिज़्वान नूरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अनिल कुमार केशरी ने किया। इस अवसर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभाग के व्याख्याता डॉ प्रशांत कुमार , कुंदन कुमार, डॉ रचिता सिंह एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

**सनसनी** डॉग स्क्वायड बुलाने के बाद भी मृतका की नहीं हो सकी पहचान

# अज्ञात महिला का शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत

● शव से कुछ ही दूरी पर मृतक का हैंड बैग, छाता, कपड़ा और अन्य श्रृंगार का सामान पड़ा मिला है

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** झुरझूरी-सलैया मार्ग के बीच स्थित पुल के किनारे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने पुल के समीप महिला का शव देखा, जिसके बाद इसकी सूचना बरकट्ठा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। शव की पहचान कराने के लिए आसपास के ग्रामीण एवं राहगीर भी मौके पर पहुंचे, लेकिन समाचार लिखे जाने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार महिला के शरीर पर कई चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोगों ने आशंका जताई की हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को जंगल के समीप पुल किनारे फेंका गया होगा। वहीं, कुछ लोगों ने चेहरे की स्थिति देखकर तेजाब डाले जाने की भी आशंका व्यक्त की है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक हत्या या तेजाब हमले की पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतका की पहचान अथवा घटना से संबंधित कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।शव से कुछ ही दूरी पर मृतक का हैंड बैग, छाता, कपड़ा और अन्य श्रृंगार का सामान पड़ा मिला है। आशंका जताई जा रही है की लगभग तीन-चार दिन पहले ही उक्त महिला को जला कर मारने के बाद रात को सलैया जंगल में उसे फेंक दिया गया है। पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। घटना के पश्चात पुलिस ने डॉग स्क्वायड को बुलाया इसके बावजूद भी किसी तरह का पहचान नहीं हो पाया। इस बाबत प्रभारी थाना प्रभारी देवदत्त कुमार का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

### एसआईआर इन्यूमरेशन अभियान में डीसी ने मतदान बूथों का किया निरीक्षण

# मतदाताओं से गणना प्रपत्र समय पर भरकर जमा करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने मंगलवार को एसआईआर-2026 इन्यूमरेशन अभियान के तहत ठेठईटांगर प्रखंड स्थित उर्दू हाई स्कूल, खैरनटोली सहित विभिन्न मतदान बूथों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथों पर चल रहे गणना प्रपत्र वितरण कार्य की समीक्षा की तथा बूथ लेवल ऑफिसरों से प्रपत्र वितरण, मतदाताओं की उपस्थिति और अभियान की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र मतदाताओं तक गणना प्रपत्र समय पर पहुंचाया जाए और उन्हें प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की सही एवं स्पष्ट जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी की जाए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बूथ पर पहुंचे मतदाताओं से भी संवाद किया और उन्हें निर्धारित समय के भीतर गणना प्रपत्र भरकर जमा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए सभी नागरिक इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को अभियान के प्रति पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमित निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि एसआईआर-2026 इन्यूमरेशन अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## श्रमदान से ग्रामीणों ने बनाई 600 मीटर कच्ची सड़क, विधायक पर उपेक्षा का आरोप



**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड की गरजा पंचायत अंतर्गत डांड़टोली पालामड़ा नदी के समीप मंगलवार को ग्रामीणों ने श्रमदान कर लगभग 600 मीटर कच्ची सड़क का निर्माण किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क किसी सरकारी योजना या सरकारी फंड से नहीं, बल्कि गांव के लोगों के सामूहिक प्रयास से बनाई गई है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए कई बार मांग उठाई गई, लेकिन जनप्रतिनिधियों की ओर से अपेक्षित पहल नहीं हुई। उनका कहना है कि सिमडेगा विधायक भूषण बड़ा का आवास यहां से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर होने के बावजूद सड़क निर्माण नहीं हो सका। इसी कारण ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान कर रास्ता तैयार किया।ग्रामीणों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस कच्ची सड़क का शीघ्र पक्कीकरण कराया जाए, ताकि लोगों को सालभर सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## दृष्टिपात

### सिमडेगा सदर अस्पताल के फार्मेसी कर्मी शिवकुमार सिंह को भावभीनी विदाई



**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा के फार्मेसी विभाग में कार्यरत शिवकुमार सिंह 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।समारोह में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शीलवन्त एक्का की उपस्थिति में शिवकुमार सिंह को माला पहनाकर, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मधुर व्यवहार के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। मरीजों और सहकर्मियों के बीच उनकी कार्यशैली की सराहना की जाती रही।सम्मान से अभिभूत शिवकुमार सिंह विदाई के दौरान भावुक नजर आए। उन्होंने सभी सहकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के बाद वे अपने पैतृक गांव, बिहार के लिए रवाना हो गए।इस अवसर पर आलोक कुमार, प्रवीण कुमार, अरुण कुमार, नौरंगी सहित सदर अस्पताल के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बीरू मंडल में संगठनात्मक बैठक सम्पन्न, बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर



**सिमडेगा।** भाजपा के बीरू मंडल में मंडल अध्यक्ष कुलदीप मिश्रा की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।बैठक में जिला अध्यक्ष दीपक पुरी ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है।बैठक में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के प्रस्तावित दो दिवसीय सिमडेगा प्रवास कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। इस दौरान वे विभिन्न मंडलों में संगठनात्मक बैठकों में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता अशोक बड़ाईक एवं जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डु ने भी संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में मंडल प्रभारी अनूप प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह, बीएलए-1 तुलसी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गा विजय सिंह देव, मुखिया गंगाधर लोहरा, बसंत नारायण मांझी, हीराराम, रामलाल नायक, सुनील मिंज, मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम दास, रामजीत सिंह, महामंत्री फूलचंद पातर एवं नरसिंह पेठाई सहित सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## झामुमो ने मनाया हूल दिवस वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति बानो की ओर से मंगलवार को हुल दिवस के अवसर पर सिद्धू-कान्हू, चाँद-भैरव तथा फूलो-झानो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके बलिदान और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को याद किया गया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि एवं झामुमो नेताओं ने कहा कि हुल दिवस आदिवासी स्वाभिमान, संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है। सिद्धू-कान्हू, चाँद-भैरव और फूलो-झानो ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ ऐतिहासिक संघर्ष कर समाज को अन्याय के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा दी। उनके आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। नेताओं ने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, न्याय और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि तनवीर हुसैन, झामुमो सचिव अमित बडिंग, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनीर खान, सामुएल बुढ़, अकबर खान, बरदान गुड़िया, सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### अवैध बालू परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त

**सिमडेगा।** जिले में अवैध बालू परिवहन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सिमडेगा के सीओ सह बीडीओ इम्तियाज अहमद ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान गरजा पेट्रोल पंप के समीप बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ा। जांच के दौरान चालक आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद ट्रैक्टर को जब्त कर थाना के सुपुर्द कर दिया गया तथा संबंधित मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्रशासन ने बताया कि एनजीटी के निर्देशों के अनुसार 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव प्रतिबंधित है। साथ ही सिमडेगा जिले में अभी बालू घाटों का टेंडर भी नहीं हुआ है, इसलिए अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## विधायक कोंगाड़ी के विधायक मद से ठेठईटांगर में एंबुलेंस वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने विधायक मद से सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया, सिमडेगा शाखा ठेठईटांगर को रखरखाव के लिए एक एंबुलेंस उपलब्ध कराई। इसका उद्देश्य दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है।इस अवसर पर विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि जनता को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीजों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने और आपात स्थिति में लोगों की मदद के लिए एंबुलेंस की उपलब्धता बेहद आवश्यक है। भविष्य में भी ऐसी जनहितकारी पहल जारी रहेगी।स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना था कि एंबुलेंस मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने में काफी सुविधा होगी और यह जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।कार्यक्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शमी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, डॉ. अभिषेक, बीपीएम सेवक राम, बीडीएम रोशन, मोहम्मद कारू, मोहम्मद ग्यास, हाजी अशफाक आलम, मोहम्मद कय्यूम सहित सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : मनोज सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में मंगलवार को आयोजित संगठनात्मक बैठक में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि तथा वंदे मातरम् गान से हुई। हूल दिवस के अवसर पर वीर शहीद सिद्धू-कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक पुरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। वहीं जिला संगठन प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डु ने मंडल एवं बूथ समितियों को नियमित बैठकें आयोजित करने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा सेवा और सुशासन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया।बैठक का संचालन जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री रवि गुप्ता ने दिया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अशोक बड़ाईक, तुलसी साहू, प्रणव कुमार, सुजान मुंडा, श्रद्धानंद बेसरा, कृष्णा बड़ाईक, संजय ठाकुर, विकास साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बानो में 65वीं सुब्रतो कप प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न



**बानो।** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय बानो के फुटबॉल मैदान में मंगलवार को 65वीं सुब्रतो कप प्रखंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में प्रखंड की कुल 17 टीमों ने हिस्सा लिया।मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने तथा खेल के क्षेत्र में उपलब्ध करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बानो प्रखंड खेल प्रतिभाओं के लिए अपनी अलग पहचान बना चुका है।अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल में उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोनसोदे ने एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय बानो को 1-0 से हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग एवं अंडर-15 बालक वर्ग में एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय बानो ने अपने-अपने मुकाबले 1-0 से जीतकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार सिंह ने किया। प्रतियोगिता नोडल शिक्षक मुकेश साहू की देखरेख में आयोजित हुई। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं, खेल पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस पर मारपीट का आरोप, डीएसपी ने गांव पहुंच शुरू की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के टापूडेगा पंचायत अंतर्गत पंडरीपानी महुआ टोली गांव में पुलिस पर एक परिवार के साथ मारपीट करने का आरोप लगने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ट्रक खड़ा करने के विवाद में गांव के एक व्यक्ति के कहने पर पुलिस ने चालक मोहित मांझी सहित उसकी मां, बहन और पत्नी के साथ मारपीट की।ग्रामीणों के अनुसार, मोहित मांझी अपने घर के समीप खाली स्थान पर ट्रक खड़ा करता था। इसी बात को लेकर गांव के सुरेश साहू के साथ विवाद हुआ। आरोप है कि विवाद के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मोहित के साथ मारपीट की। परिवार का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचीं महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार और मारपीट की गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने बैठक कर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा को पूरे मामले की जानकारी दी।सूचना मिलने पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार सहित ग्रामीणों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू की। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस की ओर से इस मामले में विस्तृत आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं पीड़ित परिवार न्याय की मांग कर रहा है, जबकि प्रशासन ने निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया है।

## तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान सफल, 10,824 बच्चों को पिलाई गई दवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान “कोई बच्चा छूटे नहीं” के तहत सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान के दौरान प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कुल 96 पोलियो बूथ बनाए गए, जहां 10,824 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।अभियान को सफल बनाने में सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं सात सुपरवाइजर पूरे अभियान के दौरान विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते रहे, जिससे कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हुआ।अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में जिला परिषद सदस्य बीरजो कंडुलना, विधायक प्रतिनिधि जगदीश बागे, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया था। स्वास्थ्य विभाग ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए अपील की कि भविष्य में भी अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियो की प्रत्येक खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त समाज के लक्ष्य को बनाए रखा जा सके।

### लचरागढ़ से 11 वर्षीय छात्र प्रिंस कंडुलना लापता, परिजनों ने की मदद की अपील



**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के लचरागढ़ से 11 वर्षीय छात्र प्रिंस कंडुलना के लापता होने का मामला सामने आया है। प्रिंस मोंटफोर्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा छह का छात्र है। परिजनों के अनुसार, 29 जून की दोपहर स्कूल से घर लौटने के बाद वह साइकिल से इंदटांड़ मैदान खेलने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। बच्चे के पिता प्रवीण कंडुलना ने कोलेबिरा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रिंस ने गुलाबी टी-शर्ट और भूरे रंग का हाफ पैंट पहन रखा था तथा उसके चेहरे पर घाव का निशान है। किसी भी जानकारी के लिए 8102906996 या 8340144870 पर संपर्क करने की अपील की गई है।

### भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में संगठन मजबूती व किसान हितों पर मंथन



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को किसान मोर्चा की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रमंडलीय जिला प्रभारी मंगल सिंह भोक्ता एवं जिला अध्यक्ष हीरा राम ने संगठन विस्तार, किसानों की समस्याओं, आगामी कार्यक्रमों तथा केंद्र सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने पर चर्चा की।मंगल सिंह भोक्ता ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समृद्धि से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया। वहीं जिला अध्यक्ष हीरा राम ने कहा कि किसान मोर्चा किसानों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और संगठन को पंचायत व बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी संगठन को सशक्त बनाने और किसान हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

**कार्यक्रम** हूल दिवस पर झामुमो ने वीर शहीद सिद्धो-कान्हो को दी श्रद्धांजलि

# हूल क्रांति ने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का संदेश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति सिमडेगा ने मंगलवार को हूल दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर वीर शहीद सिद्धो-कान्हो सहित हूल क्रांति के सभी अमर सेनानियों को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने की।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि वर्ष 1855 में अंग्रेजों के अत्याचार, शोषण और दमन के खिलाफ “हमारी माटी छोड़ो” का बिगुल फूंकने वाले सिद्धो-कान्हो का संघर्ष और बलिदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि हूल क्रांति ने समाज को अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस दिया और आज भी उनके आदर्श प्रासंगिक हैं।जिला सचिव मो. सफीक खान ने कहा कि हूल दिवस आदिवासी वीरों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करने का दिन है। उन्होंने समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, मो. सेराजुद्दीन, नोवस केरकेट्टा, फिरोज अली, प्रफुल्लित डुंगडुंग, मो. इरशाद, किशोर डांग, जाफर खान, प्रेमधानी हेमरोम, विनोद तिर्की सहित बड़ी संख्या में झामुमो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आजसू ने हूल दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**सिमडेगा।** आजसू पार्टी जिला कमेटी सिमडेगा ने मंगलवार को हूल दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय ठाकुरटोली में कार्यक्रम आयोजित कर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरो तथा फूलो-झानो को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष धुपेंद्र पांडेय ने कहा कि सिदो-कान्हू का संघर्ष और बलिदान सदैव समाज को प्रेरित करता रहेगा। जिला सचिव विकास बड़ाईक ने कहा कि हूल दिवस हमें अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता शिवनाथ डेहरी, नारायण बड़ाईक, देवेंद्र साहू, जॉन पॉल, लालू ठाकुर, दिलीप बड़ाईक, उत्तम कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पाकुड़ में मनाया हूल दिवस, याद किए गए शहीद सिदो-कान्हू



● स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई 1855 में अंग्रेज सैनिकों के साथ पाकुड़ के धनुष पूजा में हुई थी

**पाकुड़/बोकारो।** जिला मुख्यालय सहित प्रखंड मुख्यालयों एवं ग्रामीण इलाकों में हूल दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय के सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क में शहीद सिदो-कान्हू, चांद- भैरव की प्रतिमा पर प्रशासनिक अधिकारियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, सामाजिक एवं छात्र संगठनों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ग्राम प्रधानों ने शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव की पूजा अर्चना पारंपरिक रीति रिवाज से की। हूल दिवस के अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने झांकी निकाली। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता रैली की शक्ल में पार्क पहुंचे और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं उप विकास आयुक्त अरविंद लाल, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष सबरी पाल के अलावा भाजपा, कांग्रेस, आजसू, जदयू तथा राजद के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी सिदो- कान्हू और चांद-भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। हूल दिवस के अवसर पर लिट्टीपाड़ा के डुमरिया में पूर्व विधायक दिनेश विलियम मरांडी, विधायक हेमलाल मुर्मू ने अपने समर्थकों के साथ शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई 1855 में अंग्रेज सैनिकों के साथ पाकुड़ के धनुष पूजा में हुई थी, जहां एक रात में ही अंग्रेजो ने मार्टिलो टावर का निर्माण कराया था और स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सिदो-कान्हू, चांद- भैरव सहित हजारों लोगों पर इसी मार्टिलो टावर से गोलिया बरसायी थीं लेकिन सिदो-कान्हू, चांद- भैरव सहित आंदोलन में शामिल लोगों ने तीर धनुष से अंग्रेज सैनिकों के दांत खट्टे कर दिए थे और अंग्रेज सैनिकों को वहां से भागना पड़ा था।

## हूल दिवस पर पूर्व मंत्री ने सिदो-कान्हू को दी श्रद्धांजलि

पूर्वी सिंहभूम। हूल दिवस के अवसर पर मंगलवार को भुईयांडीह स्थित वीर शहीद सिद्धू-कान्हू चौक में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने हूल विद्रोह के महानायक अमर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूजा-अर्चना कर देश और समाज के लिए उनके अतुलनीय बलिदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर दुलाल भुईयां ने कहा कि हूल दिवस केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि अन्याय, शोषण और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की अमर गाथा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब देश में शोषित और वंचित समाज के सामने कोई रास्ता दिखाई नहीं दे रहा था, तब आदिवासी समाज के वीर सपूतों ने अन्याय के खिलाफ बिगुल फूंका और अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता और स्वाभिमान की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और वीरांगना फूलो-झानो का बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि आज भी समाज में जहां कहीं भी कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों का हनन होता है, वहां संघर्ष और परिवर्तन की शुरुआत प्रतिरोध से ही होती है। उन्होंने कहा कि क्रांति की आग कभी बुझती नहीं है और उसे कोई बुझा भी नहीं सकता। यह चिंगारी सदैव समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती रहती है।

**बोकारो :** बोकारो में भी हूल दिवस पर शहीदों को याद किया गया। चास के आईटीआई मोड़ स्थित सिदो-कान्हू की आदम प्रतिमा पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी समेत सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान सभी ने सिदो-कान्हू, फूलो-झानो मुर्मू की वीरता को याद किया। उन्होंने कहा कि उन शहीदों के बताए संदेश को हमें गांव-गांव तक पहुंचाने का काम करना चाहिए। पहले जन-विद्रोह 1857 की क्रांति से 2 साल पहले ही संथाल आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ जंग छेड़ दी थी। ये भारत का पहला संगठित विद्रोह माना जाता है। इस विद्रोह के बाद जनता में एक प्रकार का उबाल आया और सभी मोर्चे पर छोटे-छोटे टुकड़ों में विरोध शुरू हो गया। अंग्रेज, जमींदार और महाजन मिलकर आदिवासियों की जमीन हड़प रहे थे।

# जंगल में तीन हाथियों के आगमन से ग्रामीणों में दहशत



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अलपीटो और गैयपहाड़ी के जंगल में तीन हाथियों के दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। विदित हो कि मंगलवार अहले सुबह तीन हाथियों का झुंड उक्त जंगल में देखा गया। जिसमें एक हाथी का बच्चा भी शामिल है। वहीं ग्रामीणों ने जब इसकी सूचना फॉरेस्ट विभाग को दी तो वनपाल पंकज कुमार समेत अन्य कर्मी अलपीटो और गैयपहाड़ी के जंगल पहुंचकर मुआयना किया ।वहीं उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को जामुन, आम तोड़ने या अन्यत्र घर से बाहर खासकर जंगली क्षेत्र में बिल्कुल नहीं भेजे ।आप लोग भी नहीं जायें। कहा कि विभागीय निर्देश जो दिए जा रहे हैं उनका सख्ती से पालन करें ताकि आप सुरक्षित रह सकें। उन्होंने किसानों को भी सचेत रहने की अपील की। कहा कि हाथियों की भागाने वाली टीम बरकट्ठा पहुंच चुकी है और जल्द ही उन्हें खदेड़ जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि यदि आपको हाथी दिखे तो जल्द सूचित करें। हाथियों के झुंड में एक बच्चा हाथी भी शामिल है जिसके कारण अन्य दो हाथी उग्र रूप में जंगल में विचरण कर रहे हैं।

## पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने की खुदकुशी

**खूंटी।** खूंटी जिले के सायको थाना क्षेत्र अंतर्गत जिलिंगकल हितडीह गांव में घरेलू विवाद में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी के डंडे से मारकर हत्या कर दी। घटना के कुछ समय बाद उसने भी गांव के बाहर एक पेड़ से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनों के अनुसार लुंदा मुंडा (70) और उनकी पत्नी गुरमी मुंडा उर्फ मंगरी मुंडा (65) शुक्रवार को सायको साप्ताहिक हाट गए थे। घर लौटने के बाद रात में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि आवेश में आकर लुंदा मुंडा ने कुल्हाड़ी के डंडे से पत्नी के सिर पर वार कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के कुछ देर बाद लुंदा मुंडा गांव के बाहर गया और एक पेड़ से फंदा लगाकर उसने खुदकुशी कर ली। मृतक का बेटा जो बाहर रहता है।

### देवघर की घटना, महिला के पति की भी हो चुकी है हत्या

# घर में सो रहे मां-बेटे की हत्या

● पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की

नवीन मेल संवाददात



**देवघर।** जिले के सोनाराठाड़ी प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत में मंगलवार अहले सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। अज्ञात अपराधियों ने घर में सो रही एक महिला और उसके 14 वर्षीय बेटे की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस के साथ जिले के एसपी प्रवीण पुष्कर भी घटनास्थल पहुंचे और मामले की गहन जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान रुबिदा खातून और उनके 14 वर्षीय पुत्र मुशर्रफ उर्फ छोटू के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया मामला सुनियोजित हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मौके पर पहुंचे एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि पूछताछ के दौरान जानकारी मिली है कि कुछ वर्ष पहले मृतका के पति रियाज अंसारी की भी हत्या हुई थी, जिसमें पांच लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई जा चुकी है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वर्तमान घटना का पुराने हत्याकांड से कोई संबंध है या नहीं। पुलिस इस पहलू की भी गंभीरता से जांच कर रही है और यदि दोनों मामलों के बीच कोई कड़ी मिलती है तो उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, इस दोहरे हत्याकांड के बाद परिजनों में आक्रोश है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## विधायक की पहल पर बीमार मासूम को मिला राहत कोष से एक लाख

**पूर्वी सिंहभूम।** घाटशिला प्रखंड के नयाग्राम निवासी संतोष कुमार मिश्रा, जो सब्जी बेचकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं, अपनी चार माह की पुत्री विहा मिश्रा के इलाज के लिए लंबे समय से आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। गंभीर बीमारी से जूझ रही मासूम के उपचार में परिवार की पूरी जमा-पूंजी खर्च हो चुकी है, जिसके बाद उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई। मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के प्रयासों से विहा मिश्रा के इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। बताया गया कि जन्म के कुछ ही दिनों बाद विहा मिश्रा को मेकोनियम एस्पिरेशन सिंड्रोम और राइट सबड्यूरल हेमाटोमा जैसी गंभीर चिकित्सकीय समस्याएं हो गई थीं।

# हत्या मामले में भाजपा नेता से जुड़ा बार सील, जांच के आदेश




**पूर्वी सिंहभूम।** बिष्टुपुर स्थित चर्चित डबल डाउन (डीडी) बार में हुए बहुचर्चित हत्याकांड के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। करणी सेना नेता हिमांशु सिंह की हत्या के मामले में प्रशासन ने भाजपा नेता नीरज सिंह और सहमालिक विजय कुमार से जुड़े डबल डाउन (डीडी) बार को सील कर दिया। इसके साथ ही पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। उपायुक्त राजीव रंजन के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पुलिस बल के साथ बार परिसर पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद प्रतिष्ठान को सील कर दिया। सहायक उत्पाद आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर मामले की गंभीरता को देखते हुए एक तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया था। इस समिति में एक उत्पाद निरीक्षक (एक्साइज इंस्पेक्टर) और दो उत्पाद अवर निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) शामिल थे।

# डीसी-एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने सिदो और कान्हू को किया नमन



**रामगढ़।** रामगढ़ में हुल दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर में जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीसी ऋतुराज एवं एसपी मुकेश कुमार लुनायत की उपस्थिति में हुल क्रांति के अमर वीर शहीद सिद्धो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, फूलो मुर्मू, झानो मुर्मू, चांद मुर्मू एवं भैरव मुर्मू की चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि हुल क्रांति भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का एक गौरवशाली अध्याय है। सिद्धू-कान्हू सहित हुल आंदोलन के सभी वीर सेनानियों ने जल, जंगल और जमीन तथा अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध ऐतिहासिक संघर्ष किया। उनका त्याग, साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि हुल दिवस हमें अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, बलिदान और आदर्शों को स्मरण करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। जिला प्रशासन उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक नमन करता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने हुल क्रांति के अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाहरणालय के वरीय पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हूल दिवस पर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के महिला कॉलेज चाईबासा परिसर में मंगलवार को हूल दिवस के अवसर पर असेका समूह के सहयोग से श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संथाल हूल (1855) के महानायक वीर शहीद सिदो-कान्हू,चाँद-भैरव तथा फूलो-झानो के अद्वितीय साहस,संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसएस बी.एड.यूनिट की पदाधिकारी डॉ. अर्पित सुमन ने कहा कि हूल दिवस केवल इतिहास को याद करने का अवसर नहीं,बल्कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष,स्वाभिमान और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों का बलिदान हमें अपनी संस्कृति, अधिकारों और मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज के योगदान को गहराई से समझें,ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन महान नायकों के संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। डॉ.सुचिता बाड़ा ने हूल दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में इसके प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को वीर सिदो-कान्हू के जीवन और संघर्ष से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

### इनरव्हील क्लब ने रचा नया कीर्तिमान

# सभी 8 श्रेणियों में प्राप्त किए प्रतिष्ठित पुरस्कार




● नमिता श्रॉफ ने कहा- सदस्यों के विश्वास, सहयोग और निरंतर उत्साहवर्धन ने टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास दिया

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के लिए यह वर्ष अत्यंत गौरवपूर्ण और भावनात्मक रहा। क्लब ने अपने उत्कृष्ट कार्यों, समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के बल पर वार्षिक सम्मान समारोह में सभी 8 प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। **क्लब को जो सम्मान मिले हैं वे इस प्रकार हैं :** बेस्ट क्लब, बेस्ट फाइल कीपिंग, 5 सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट्स के लिए प्रमाण-पत्र, आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट_ नमिता श्रॉफ, एफिशिएंट सेक्रेटरी _जनेशा वडेरा, एफिशिएंट ट्रेजरर_मेघा बगारिया , बेस्ट आई.एस.ओ._ निधि चौधरी, बेस्ट एडिटर_ नीरू साहनी शामिल हैं।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर क्लब की अध्यक्षा नमिता श्रॉफ ने कहा कि ये पुरस्कार केवल ट्रॉफियां नहीं हैं, बल्कि पूरे वर्ष सभी सदस्यों द्वारा किए गए अथक परिश्रम, समर्पण, एकजुटता और सेवा भावना का सम्मान हैं। उन्होंने क्लब के प्रत्येक सदस्य का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों के विश्वास, सहयोग और निरंतर उत्साहवर्धन ने टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास दिया। यही सामूहिक प्रयास इन ऐतिहासिक उपलब्धियों का आधार बना। नरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ परिवार इस सफलता पर अपने सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देता है तथा आशा व्यक्त करता है कि भविष्य में भी इसी समर्पण और सेवा भावना के साथ समाजहित में कार्य करता रहेगा।

### मलकोको में शुरू हुआ ग्रामीण क्रिकेट का महाकुंभ

# उद्घाटन मैच में टाइगर धुरंधर विजयी आईपीएल की तर्ज पर हुई प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** ग्रामीणी प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आईपीएल की तर्ज पर प्रखंड के मलकोको गांव में मलकोको प्रीमियर लीग (एमपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हुई । जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया सह बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया व उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में मुखिया ने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम है। जो अनुशासन और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करती हैं। आयोजन समिति की सराहना करते हुए मुखिया ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। उद्घाटन मैच का मुकाबला टाइगर धुरंधर और बिक्रम इलेवन के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में टाइगर धुरंधर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना और खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मैच में अंपायरिंग शंकर दास और संतोष राणा ने किया । मौके पर एमपीएल अध्यक्ष शंकर दास, सचिव केदार राणा, कोषाध्यक्ष गुलाब कुमार दास, मीडिया प्रभारी सूरज दास, समाजसेवी छतरू यादव, हाजी जहूर अंसारी, संजय अंसारी, उप मुखिया प्रतिनिधि फिरोज निजामी, दिनेश दास, लक्ष्मण दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि आईपीएल की तर्ज पर हुई इस प्रतियोगिता में कुल पांच टीम हिस्सा ले रही हैं ।

## 142 कर्मचारियों का मनाया सामूहिक जन्मदिन

**रामगढ़।** जिले के बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में जून माह में जन्मदिन मनाने वाले कुल 142 अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान में पीपुल फर्स्ट कल्चर' और "वन सेलिब्रेशन मेनी स्माइलस" थीम के तहत मंगलवार को सामूहिक जन्मदिन समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में जीएफ़ए एचएसपीए और हेड ऑफिस, रांची के कर्मचारी शामिल रहे। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर इस विशेष अवसर को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। इस दौरान विभिन्न विभागाध्यक्ष की उपस्थिति ने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का आयोजन एचएएसपी कैंटीन जीएफ़ए कैंटीन और मुख्य कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करना, टीम भावना को सुदृढ़ करना और सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना रहा।

समारोह के दौरान केक काटा गया और शुभकामना संदेश दिए गए। साथ ही सभी जन्मदिनधारी कर्मचारियों को सामूहिक रूप से बधाई दी गई। मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की निष्ठा, परिश्रम और समर्पण ही कंपनी की निरंतर प्रगति का आधार है।

# एसडीबीसीई में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित




**हजारीबाग।** मुकुंदगंज स्थित स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन (एसडीबीसीई) में मंगलवार को "भारतीय ज्ञान परंपरा" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए । जिनका प्रबन्धन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया । अपने सम्बोधन में विधायक ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा देश की सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और दार्शनिक विरासत की अमूल्य धरोहर है। इसे नई पीढ़ी और भावी शिक्षकों तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

संगोष्ठी में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व और उसकी समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन और ज्ञान की परंपरा आज भी समाज को नई दिशा देने में सक्षम है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का आधार भी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी गई।

कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक मोहम्मद नाज़िर अंसारी, सन्निभा वंदना, प्रधानाचार्य सारिका कुमारी, शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं प्रशिक्षु विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

**आर्थिक मजबूती** | मनोहरपुर की सरिता नायक बनीं महिला उद्यमिता की नई मिसाल

# पत्तल-दोना निर्माण के स्वरोजगार से बनीं सशक्त

● नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के विशेषज्ञों से प्रशिक्षण मिलने के बाद उन्होंने अपने घर से ही उत्पादन शुरू कर दिया

नवीन मेल संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के मनोहरपुर प्रखंड के पाथरबासा गांव की सरिता नायक ने यह साबित कर दिया है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही लाभ, तकनीकी प्रशिक्षण और आत्मविश्वास साथ हो तो ग्रामीण महिलाएं भी सफल उद्यमी बन सकती हैं। कभी दिहाड़ी मजदूरी पर आश्रित रहने वाला उनका परिवार आज पत्तल-दोना निर्माण के स्वरोजगार से आर्थिक रूप से सशक्त हो चुका है। कुछ वर्ष पहले तक सरिता के परिवार की आय बेहद सीमित थी। रोज कमाने और रोज खाने की स्थिति के कारण बच्चों की पढ़ाई, इलाज और घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो जाता था। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और स्वरोजगार के अवसर तलाशने का प्रयास जारी रखा। इसी दौरान वन विभाग और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की अभिसरण योजना के तहत उन्हें निःशुल्क पत्तल-दोना निर्माण मशीन उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही मशीन संचालन, उत्पादन तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग और विपणन से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया। नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के विशेषज्ञों से आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण मिलने के बाद उन्होंने अपने घर से ही उत्पादन शुरू कर दिया। शुरुआत में सीमित मात्रा में पत्तल और दोने तैयार किए गए, लेकिन बेहतर गुणवत्ता और समय पर आपूर्ति के कारण स्थानीय बाजार, किराना दुकानों, होटल, ढाबों और शादी-विवाह जैसे आयोजनों में उनके उत्पादों की मांग लगातार बढ़ने लगी। इससे उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होने लगी। सरिता ने अपनी सफलता को केवल व्यक्तिगत उपलब्धि तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी इस कार्य से जोड़ते हुए उन्हें मशीन संचालन, उत्पादन और पैकेजिंग का प्रशिक्षण दिया। इससे कई महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और अतिरिक्त आय का स्त्रोत मिला। जेएसएलपीएस और संबंधित अधिकारियों के नियमित मार्गदर्शन से उनका उद्यम लगातार आगे बढ़ रहा है। आज सरिता नायक अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार की जरूरतों को आसानी से पूरा कर रही हैं। उनकी सफलता ग्रामीण महिला सशक्तिकरण, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और स्वरोजगार आधारित आत्मनिर्भरता का प्रेरणादायी उदाहरण बन चुकी है।

